नौकरी करने के साथ ले सकेंगे डिग्री, पढ़ाई के लिए ऑनलाइन कक्षाएं

अब आईआईएम से कर सकेंगे ई-एमबीए

रायपुर • डीबी स्टार

राजधानी के आईआईएम ने ई-लर्निंग की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत देश के किसी भी कोने में रहते हुए नौकरी या फिर पढ़ाई करते हुए ऑनलाइन क्लासेस के जरिये एमबीए किया जा सकेगा। इसके तहत ऑनलाइन कक्षाएं लगाई जाएंगी और इसी के थ्रू असाइनमेंट समेत अन्य प्रक्रियाएं की जा सकेंगी। वहीं, रोज नए तो कॉलेज आने की आवश्यकता होगी और ना ही रोज क्लास अटेंड करना होगा। इसके लिए आईआईएम ने इस अलग कोर्स के लिए सिलेबस भी अलग तरीके से तैयार लिया है। जिसकी सहायता से आसानी से घर बैठे एमबीए करने की सुविधा लोगों को मिल सकेगी।

DB STAR BREAKING

डिस्टेंस लर्निंग में फिजिकल अटेंडेंस, लेकिन ई एमबीए में ऑनलाइन कोर्स

डिस्टेंस लर्निंग एजुकेशन सिस्टम में एक सेंटर के थ्रू पढ़ाई करवाई जाती है, जिसमें स्टूडेंट्स को फिजिकली क्लास अटेंड करने जाना पड़ता है, लेकिन ई एमबीए के में वर्चुअल क्लासेस में पढ़ाई करवाई जाएगी, जिसके लिए फिजिकली क्लासेस आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ई-लर्निंग की दिशा में आगे बढ़ने की पहल

आईआईएम ने इस कोर्स की शुरुआत जरिये ई-लर्निंग को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाया है। हालांकि डिस्टेंस लर्निंग के जरिये भी पढ़ाई करवाई जाती है, लेकिन इस कोर्स को डिस्टेंस लर्निंग एडुकेशन से बिल्कुल अलग रखकर डिजाइन किया गया है।

नौकरी पेशा लोगों को ध्यान में रखकर कोर्स किया गया डिजाइन

ई-लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए आईआईएम ने इस कोर्स को डिजाइन किया है। ताकि नौकरी पेशा लोग भी नौकरी करते हुए पढ़ाई कर सकें और जॉब में रहते हुए उन्हें प्रमोशन समेत अन्य अवसर मिल सकें। इसके लिए एक निश्चित ड्यूरेशन का कोर्स डिजाइन किया गया है, जिसकी ऑनलाइन पढ़ाई करवाई जाएगी।

नियमित कोर्स की तरह ही उपलब्ध करवाएंगे ऑनलाइन स्टडी मटेरियल

इस कोर्स को नौकरी पेशा लोगों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, ताकि वे नौकरी के साथ ही इसकी पढ़ाई कर सकें। इसमें ऑनलाइन क्लासेस लगाई जाएंगी, साथ ही रेगुलर स्टडी की तरह ही मटेरियल्स और सुविधाएं होंगी।

- डॉ. भारत भास्कर, डायरेक्टर, आईआईएम

Dainik bhasker, 17th Sep. 2020,p.1 (DB Star)